### 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# मप्र अकादमी की धावक सोनम परमार ने जीता दूसरा स्वर्ण

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी की प्रतिभाशाली सोनम परमार ने भुवनेश्वर में आयोजित हो रही 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रविवार को भी कमाल दिखाया और 3000 मी. दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। वहीं आशीष यादव ने 5000 मी पैदल चाल में रजत पदक जीता। इस तरह मप्र ने दो स्वर्ण, एक रजत व पांच कांस्य सहित कुल आठ पदक जीत लिए है। रविवार को अंडर 20 महिलाओं की 3000 मीटर दौड़ में सोनम परमार ने 10:01.46 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता है। सोनम का भुवनेश्वर में दूसरा स्वर्ण पदक है। इसके पहले सोनम ने महिला वर्ग की 5000 मीटर दौड़ में भी स्वर्ण पदक जीता था। मप्र के लिए दूसरा पदक आशीष यादव ने 9:49.99 सेकंड का समय लेकर रजत पदक जीता। इसमें स्वर्ण पदक छत्तीसगढ़ के अमित कुमार ने जीता। अब तक मप्र अकादमी की राधा यादव, नितिन पाल, कृष्णाचंद्र, अमन सिंह व निकिता आकरे ने एक एक कांस्य पदक जीते। मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी के प्रशिक्षक एसके प्रसाद ने बताया कि सोनम ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए प्रदेश के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है।



स्वर्ण पदक विजेता सोनम अपने प्रशिक्षक एसके प्रसाद के साथ। • सौजन्य

स्वदेश ज्योति

# नेशनल जूनियर चैंपियनशिप में चमकी मध्यप्रदेश की सोनम परमार, 5000 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक

खेल संवाददाता, भोपाल

भुवनेश्वर में 10 से 14 अक्टूबर तक आयोजित 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी की धाविका सोनम परमार ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने गर्ल्स अंडर-20 वर्ग की 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान खींचा। सोनम ने यह जीत 17 मिनट 20.98 सेकंड के समय के साथ दर्ज की। प्रतियोगिता के शुरुआती राउंड से ही सोनम आगे रहीं और अंतिम लैप में बेहतरीन स्पीड से फिनिश लाइन पार की। उनके इस प्रदर्शन ने मध्यप्रदेश को नेशनल एथलेटिक्स में एक बार फिर गौरवान्वित किया है। मध्यप्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोनम परमार को बधाई दी। उन्होंने कहा, "सोनम का यह प्रदर्शन पूरे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने समर्पण और कड़ी



मेहनत से यह सफलता हासिल की है। उनका प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि मध्यप्रदेश की खेल प्रतिभाएँ अब देश के हर मंच पर अपनी छाप छोड़ रही हैं।" मंत्री ने विश्वास जताया कि सोनम आने वाले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

**अकादमी का प्रशिक्षण और सोनम की मेहनत रंग लाई:** सोनम परमार ने यह सफलता भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी में मिले उच्चस्तरीय प्रशिक्षण और अनुभवी कोचों के मार्गदर्शन की बदौलत हासिल की। आधुनिक सुविधाएँ, नियमित अभ्यास और फिटनेस पर ध्यान ने उनके प्रदर्शन को निखारा।

## अकादमी के अमन ने पोल वाल्ट में जीता रजत पदक




मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के एथलीट अमन ने बॉयज़ अंडर-20 पोल वॉल्ट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। उन्होंने 4.60 मीटर की प्रभावशाली छलांग लगाई, जो उनके समर्पण, तकनीकी कौशल और लगातार अभ्यास का परिणाम है। मध्यप्रदेश सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अमन को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी। मंत्री ने कहा कि अमन की मेहनत और लगन ने प्रदेश का नाम रोशन किया है।

## नितिन पाल ने लगाई लंबी छलांग, जीता रजत पदक



मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के नितिन पाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बॉयज़ अंडर-20 लॉन्ग जंप स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। नितिन ने 7.52 मीटर की प्रभावशाली छलांग लगाई, जो उनके प्रशिक्षण, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उनके प्रदर्शन ने प्रतियोगिता में रोमांच बढ़ाया और दर्शकों का उत्साह भी बढ़ाया। मध्यप्रदेश सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नितिन पाल को इस उल्लेखनीय सफलता के लिए बधाई दी। मंत्री ने कहा कि नितिन की मेहनत और निरंतर अभ्यास ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि नितिन का यह प्रदर्शन युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी सफलता प्राप्त करने के लिए उत्साहित करेगा।